## जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत सूचीबद्ध फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक– 13.08.2026 का कार्यवृत्त।

दिनांक 13.08.2026 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक प्रारम्भ हुयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
2 सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
3 डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी(निर्माण/ओ. एण्ड एम.), मे0 मेधज् टेक्नों लिमिटेड।
4 जिला समन्वयक, डी.पी.एम.यू., कौशाम्बी।
5 डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी।
6 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी.ए. इन्फ्रा (जे0वी0), मंझनपुर कौशाम्बी।

### मे0 जे0एम0सी0 द्वारा जल जीवन मिशन फेज–2 व फेज –3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–

फर्म द्वारा अबतक कुल 104 पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो को पूर्ण किया गया है। जिसमें से 84 पेयजल योजनाएँ ट्रायल रन एवं कमीशनिंग की गयी है और उसमें से मात्र 65 नग पेयजल योजनाओं को ही संचालन एवं अनुरक्षण में भेजा गया है, जो कि पूर्ण योजनाओं के सापेक्ष O&M की प्रगति अत्यन्त कम पायी गयी। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को अवशेष कार्यो को पूर्ण कराये जाने एवं पूर्ण योजनाओं मे से अवशेष 39 को भी तत्काल O&M में लिये जाने हेतु तैयार किये गये बार–चार्ट के अनुसार तत्काल आवश्यक मैनपावर लगाकर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

साथ ही साथ पूर्ण किये गये 121 नग पूर्ण किये उच्च जलाशय के सापेक्ष 104 नग उच्च जलाशय से जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि शेष 17 नग उच्च जलाशयों से भी 20 सितम्बर, 2026 तक जलापूर्ति प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

### मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–

फर्म द्वारा अबतक कुल 123 पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो को पूर्ण किया गया है। जिसमें से 107 पेयजल योजनाएँ ट्रायल रन एवं कमीशनिंग की गयी है और उसमें से मात्र 55 नग पेयजल योजनाओं को ही संचालन एवं अनुरक्षण में भेजा गया है, जो कि पूर्ण योजनाओं के सापेक्ष O&M की प्रगति अत्यन्त कम पायी गयी। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये प्रोजेक्ट मैनेजर को जनपद में फर्म के कार्यो की प्रगति में सुधार लाते हुये अवशेष कार्यो को पूर्ण कराये जाने एवं पूर्ण योजनाओं मे से अवशेष 68 को भी तत्काल O&M में लिये जाने हेतु तैयार किये गये बार–चार्ट के अनुसार तत्काल आवश्यक मैनपावर लगाकर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

साथ ही साथ पूर्ण किये गये 157 नग पूर्ण किये उच्च जलाशय के सापेक्ष 106 नग उच्च जलाशय से जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि शेष 51 नग उच्च जलाशयों से भी 30 सितम्बर, 2026 तक जलापूर्ति प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

CamScanner

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक में, संचालित एवं अनुरक्षणाधीन पेयजल योजनाओं का सत्यापन निम्नानुसार चेक प्वाइंट के अनुसार टीम बनाते हुये संलग्न प्रारूप पर सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये है :–

1. पाइप लाइन बिछाने एवं गृह संयोजन प्रदान किये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों/गलियों पुर्नस्थापना कार्य किसके घर से किसके घर तक किया गया है, शत्–प्रतिशत सत्यापन किया जाये। साथ ही साथ यदि कोई गली अथवा सड़क पुर्नस्थापना हेतु शेष है तो किसके घर से किसके घर तक अपूर्ण है, उसका विवरण अंकित किया जाये।
2. यदि संचालन एवं अनुरक्षण में ली गयी योजना में कार्य अपूर्ण है तो, उसका विवरण अंकित किया जाये।
3. योजना में सम्मिलित प्रत्येक मजरें में जलापूर्ति की स्थिति का विवरण अंकित किया जाये। यदि जलापूर्ति नही हो रही है, तो लाभार्थी का नाम एवं मजरे सहित उसका कारण सहित विवरण अंकित किया जाये। साथ ही साथ यह भी अंकित किया जाये, कि योजना से दोनों टाईम सुबह–शाम जलापूर्ति हो रही है अथवा नही।
4. योजना में तैनात पम्प आपरेटर की कार्यशैली का विवरण अंकित किया जाये।
5. योजना में अधिष्ठापित क्लोरीनेशन डोजर के संचालन की स्थिति का विवरण अंकित किया जाये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाएँ)

उपरोक्त बिन्दुओं के अनुसार सत्यापन कराकर, रिपोर्ट दिनांक 25.08.2026 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।

पत्रांक 5135/जल जीवन मिशन/W-74/253 दिनांक:– 19/8/26

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदय, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, कौशाम्बी।
2. समस्त सदस्य, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, कौशाम्बी।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी।
6. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित नियमित योजनाओं का अनुश्रवण/निरीक्षण करते हुये फर्म से गुणवत्ता सहित निर्माण कार्यो पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0 ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
VINOD RAM TRIPATHI
Date: 14-08-2026
18:48:56

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

CamScanner